सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 181 | इंदौर, बुधवार 14 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

थाईलैंड में भयानक हादसा

## क्रेन गिरने से पटरी से उतरी ट्रेन, 22 लोगों की मौत, कई घायल

**बैंकॉक, (एजेंसी)** थाईलैंड में एक बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है जिसमें कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी ने बताया कि एक क्रेन गिरने के चलते ट्रेन पटरी से उतर गई। यह ट्रेन थाईलैंड की राजधानी से देश के उत्तर-पूर्वी हिस्से की ओर जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि हादसा स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह करीब 9 बजे बैंकॉक से 230 किमी दूर उत्तर पूर्व में रत्चासिमा प्रांत के सिखियो जिले में हुआ।स्थानीय पुलिसकर्मी और बचाव दल रेस्क्यू के काम में लगे हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे वाली जगह पर हाई-स्पीड ट्रेन लाइन के लिए निर्माण का काम चल रह था। जैसे ही बैंकॉक से आ रही ट्रेन वहां पहुंची, कंस्ट्रक्शन क्रेन सीधी उसके ऊपर जा गिरी।



स्वच्छ जल अभियान अंतर्गत जल सुनवाई का आयोजन

# शहर के समस्त 85 वार्डों में स्थित पेयजल टंकी पर जल सुनवाई

- महापौर व आयुक्त ने किया जल सुनवाई स्थल का निरीक्षण
- जल सुनवाई में आए नागरिकों से की चर्चा
- फलबाग स्थित संपवेल निर्माण कार्य का किया अवलोकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार नगर निगम इंदौर द्वारा संचालित स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को पेयजल टंकियों पर आयोजित की जा रही नागरिक जल सुनवाई के क्रम में आज महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा बिलावली झोन परिसर एवं वार्ड क्रमांक 78, बिजलपुर स्थित पेयजल टंकी परिसर में आयोजित जल सुनवाई का अवलोकन किया गया।**




महापौर एवं आयुक्त द्वारा जल सुनवाई में उपस्थित नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए क्षेत्र में पेयजल से संबंधित प्राप्त शिकायतों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली गई। नागरिकों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं के समाधान हेतु एक शिकायत पंजिका तैयार कराई गई तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा नागरिकों को नियमित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

इसके पश्चात महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा ए.बी. रोड के समीप स्थित फलबाग क्षेत्र में निर्माणाधीन सम्पवेल के कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कार्य की प्रगति, तकनीकी स्थिति एवं समय-सीमा की जानकारी ली गई।

विदित हो कि फलबाग क्षेत्र में निर्माणाधीन इस सम्पवेल के पूर्ण होने पर लगभग 3 करोड़ लीटर से अधिक जल का संग्रहण संभव होगा। वर्तमान में पश्चिमी क्षेत्र के अन्नपूर्णा, द्वारकापुरी, राजेन्द्र नगर, प्रगति नगर सहित ऊँचाई पर स्थित कई क्षेत्रों में जलापूर्ति के दौरान तकनीकी कठिनाइयाँ उत्पन्न होती हैं, जिसके कारण इन क्षेत्रों की पेयजल टंकियाँ अपनी पूर्ण क्षमता से नहीं भर पाती हैं।

फलबाग क्षेत्र में निर्मित हो रहे इस सम्पवेल से संग्रहित जल को ऊँचाई पर स्थित लगभग 10 प्रमुख पेयजल टंकियों तक पहुँचाया जाएगा, जिससे उक्त क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को नियमित, पर्याप्त मात्रा में एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

## छः राज्यों के अफसरों ने इंदौर में देखी स्मार्ट मीटरिंग



**इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर द्वारा स्मार्ट मीटर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं नॉलेज शेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश, केरल, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र राज्यों के बिजली अधिकारी भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर से सीधे पोलोग्राउंड स्थित स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर पहुंचे।**

दल में सर्वश्री स्वप्निल गर्ग, एनए देसाई, राकेश नायर, ज्ञान प्रकाश, मुनीष चौपड़ा, जीजी चंदाकर, अरविंद बैनर्जी, कौशिक मुखर्जी, केएस बत्री के साथ सुश्री मिनी केवी, आशा पीए आदि शामिल थे। राज्यों के दल ने स्मार्ट मीटर की स्थापना, संचालन, उपभोक्ता संवाद, उपभोक्ता संतुष्टि, बिलिंग, छूट के साथ ही योजना क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों एवं समाधान इत्यादि के बारे में जानकारी ली। दल ने मीटरों के म्यूजियम को भी देखा, जहां 4 किग्रा वजनी मीटरों के साथ ही अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर रखे गए हैं।

हाईकोर्ट ने कहा- बैन के बावजूद घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण

# चाइनीज मांझे से मौत पर अब गैर-इरादतन हत्या का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चाइनीज मांझे से हो रही मौतों को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने कहा कि प्रतिबंध के बावजूद लगातार जानलेवा घटनाएं होना दुर्भाग्यपूर्ण है और इसे रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई जरूरी है।**

कोर्ट ने निर्देश दिए कि चाइनीज मांझे से यदि किसी की मौत होती है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति चाइनीज मांझा बेचते या उसका उपयोग करते पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सीधे आपराधिक कार्रवाई होगी। साथ ही यदि नाबालिग चाइनीज मांझे का उपयोग करते पकड़े जाते हैं, तो उनके अभिभावकों को जिम्मेदार मानते हुए उनके खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया जाएगा। कोर्ट ने बताया कि इंदौर में बीते कुछ महीनों में चाइनीज मांझे से तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा कई लोग घायल हुए हैं और बड़ी संख्या में पक्षी भी इसकी चपेट में आकर मारे गए हैं।



कोर्ट ने कहा कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति है और इस दौरान पतंगबाजी बढ़ जाती है, जिससे प्रतिबंधित मांझे के उपयोग से बड़े हादसों की आशंका बनी रहती है। सुनवाई के दौरान न्यायमित्र सीनियर एडवोकेट विवेक शरण और आकाश शर्मा ने सुझाव दिया कि मकर संक्रांति को देखते हुए इंदौर और हाईकोर्ट की सीमा में आने वाले 14 जिलों से उठाए गए कदमों और कार्ययोजना की रिपोर्ट तलब की जाए। अगली सुनवाई 16 जनवरी को होगी। इस दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा भी कोर्ट में उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान महिला एडवोकेट कविता उइके ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि चाइनीज डोर से उनका गला कट गया था और जान बचाने के लिए उन्होंने डोर हाथों से तोड़ी, जिससे हथेली गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इस पर कोर्ट ने संवेदना जताते हुए शासन को और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

## इंदौर की ट्रांसमिशन लाइनों में चायनीज मांझा फँसने से दो वर्षों में 13 बार बिजली बाधित

एम.पी. ट्रांसको चला रही है जागरूकता अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने इंदौर शहर में ट्रांसमिशन लाइनों के नजदीक चायनीज मांझे से पतंग उड़ाने के कारण उत्पन्न होने वाली संभावित दुर्घटनाओं और विद्युत व्यवधानों पर अंकुश लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें सतर्क व सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कंपनी इंदौर में एक विशेष जागरूकता अभियान चला रही है।

एम.पी. ट्रांसको की कार्यपालन अभियंता श्रीमती नमृता जैन ने जानकारी दी कि पिछले दो वर्षों में इंदौर क्षेत्र में 13 बार ऐसी घटनाएं हुई हैं, जब पतंगों के साथ चायनीज मांझा ट्रांसमिशन लाइनों के संपर्क में आया, जिससे न केवल बिजली आपूर्ति बाधित हुई, बल्कि ट्रांसमिशन लाइनें क्षतिग्रस्त भी हुईं। इस अभियान के तहत, एम.पी. ट्रांसको ने इंदौर के उन क्षेत्रों को चिन्हित किया है जहाँ बहुतायत में पतंग उड़ाई जाती हैं। इन संवेदनशील क्षेत्रों में नागरिकों से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित किया गया। इसके अतिरिक्त, व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर, बैनर और पी.ए. सिस्टम के माध्यम से भी लोगों को सचेत और सतर्क किया गया, ताकि जान-माल की हानि रोकी जा सके और उपभोक्ताओं को व्यापक क्षेत्र में बिजली के अनावश्यक लंबे व्यवधान का सामना न करना पड़े। दरअसल, चायनीज मांझा, जो कि सामान्य सूती धागे से अलग होता है, विद्युत का सुचालक होने के कारण बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। ट्रांसमिशन लाइनों के संपर्क में आने पर यह न केवल बिजली आपूर्ति में व्यवधान डालता है, बल्कि जान-माल की हानि का कारण भी बन सकता है। जब यह मांझा बिजली के तारों से टकराता है, तो इसमें मौजूद सामग्री के कारण करंट प्रवाहित हो सकता है, जिससे पतंग उड़ाने वाले और आसपास के लोगों को गंभीर खतरा होता है।

## नशे की हालत में मचाया उत्पात

कारों-गुमठियों में की तोड़फोड़

**इंदौर। भंवरकुआ इलाके में तीन बदमाशों ने नशे में इलाके में उत्पात मचाया। इस दौरान बदमाशों ने गुमटी और ठेलों को पलटने के साथ-साथ कई कारों के कांच भी तोड़ दिए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की और मंगलवार को तीन आरोपियों को पकड़ लिया।**



डीसीपी आनंद कल्यादगी ने बताया कि इंद्रपुरी इलाके में रविवार रात एक चौकीदार से मारपीट की गई और गुमटी जैसी दुकानों और चारपहिया वाहनों में तोड़फोड़ की गई, जिसका वीडियो सामने आया। पुलिस ने जांच में आशु, रोनी और विक्की नाम के तीन आरोपियों की पहचान की और उन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपियों ने नशे में लोगों से मारपीट भी की थी। बताया जाता है कि आरोपियों ने यहां के रहवासियों की चार से अधिक कारों में तोड़फोड़ की। पुलिस उनके और भी अपराधों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 181 | इंदौर, बुधवार 14 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● इंदौर में जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

## गंदगी में चल रही बेकरी किचन को कराया गया बंद

खाद्य सामग्री के लिये गए नमूने



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के दिए गए निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी महू के संयुक्त दल द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को गवली पलासिया महू स्थित ददद्दू बेकरी की जांच की गई तथा मैदा खोपरा बुरा बेक्ड समोसा एवं स्ट्रॉबेरी केक के नमूने लिए गए। मौके पर बेकरी के किचन में गंदगी पाई जाने पर सुधार किए जाने तक कारोबार बंद कराया गया। साथ ही नारायण डेयरी आकवी तहसील मऊ पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाकर पनीर, पामोलिन तेल एवं अज्ञात सफेद पदार्थ के नमूने लिए गए। मौके पर पामोलिन तेल एवं अज्ञात सफेद पदार्थ को जप्त किया गया। साथ ही डेयरी यूनिट को सुधार किये जाने तक खाद्य कारोबार बंद कराया गया। नमूने लेकर मौके पर 118 लीटर रिफाइंड पाम आयल एवं 40 किलो अज्ञात सफेद पाउडर सील किया गया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लिए गए सभी नमूनों को विस्तृत जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जा रहा है, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## चंदन नगर टीआई इंद्रमणि पटेल को हटाने के आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चंदन नगर के टीआई इंद्रमणि पटेल को आखिरकार तत्काल प्रभाव से हटाने के आदेश हो गए। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली से हुए हैं। एक बार पूर्व में हाईकोर्ट इंदौर ने भी सीपी संतोष सिंह को पटेल पर कार्रवाई के आदेश दिए थे। लेकिन तब वह याचिका विड्रा हो गई और पुलिस ने भी चुप्पी साध ली। पॉकेट गवाह पेश करने के मामले में आखिरकार वह निपट गए। एक आरोपी पर चार केस की जगह आठ केस बनाने का गलत हलफनामा देने के मामले में 13 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस केस में आरोपी अनवर हुसैन की जमानत पहले ही मंजूर हो चुकी थी। इसी केस में असद वारसी ने इंटरविनर बनकर टीआई की कई करतूतों की पोल खोली। इसमें इंटरविनर वारसी की ओर से अधिवक्ता संजय हेगड़े ने बताया कि 25 नवंबर को पाकेट गवाह का मुद्दा आया था और सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी, लेकिन इसके बाद भी इनके द्वार फिर 30 नवंबर को केस में पाकेट गवाह पेश किए गए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने गहरी नाराजगी जताई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय

# शिक्षकों के लिए चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान योजना लागू- 322 करोड़ 34 लाख रुपये की स्वीकृति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित मंत्रि-परिषद के सदस्य बैठक में टैबलेट के साथ शामिल हुए। मंत्रि-परिषद द्वारा शैक्षणिक संवर्ग के सहायक शिक्षक, शिक्षक तथा नवीन शैक्षणिक संवर्ग के प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के लिए 1 जुलाई 2023 अथवा उसके बाद की तिथि से 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर, चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान योजना प्रभावशील किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए 322 करोड़ 34 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है।**



मंत्रि-परिषद द्वारा द्वितीय चरण के लिए 200 सर्वसुविधा युक्त सांदीपनि विद्यालय की स्थापना के लिए अनुमानित व्यय 3 हजार 660 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। द्वितीय चरण के प्रस्तावित विद्यालयों की क्षमता एक हजार से अधिक होगी। मंत्रि-परिषद द्वारा सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत उज्जैन शहर की जल आवर्धन योजना लागत 1,133 करोड़ 67 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रि-परिषद द्वारा जिला मऊगंज में हुई घटना में दिवंगत स्व. रामचरण गौतम, सहायक उप निरीक्षक के परिवार को 90 लाख रुपये की श्रद्धा निधि दिये जाने की स्वीकृति दी गयी। उल्लेखनीय है कि दिवंगत स्व. गौतम के परिवार को 10 लाख रुपये की विशेष अनुग्रह राशि पूर्व में 1 अप्रैल 2025 को प्रदान की जा चुकी है। जिला मऊगंज थाना शाहपुर अंतर्गत ग्राम गडरा में एक परिवार के लोगों को समुदाय के लोगों द्वारा बंधक बना लिया गया था। घर के अंदर एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाने के बाद शव को अभिरक्षा में लेने के दौरान समुदाय द्वारा पुलिस अमले पर हमला कर दिया था। हमले में श्री गौतम ने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए कर्तव्य का पालन किया और वीर गति को प्राप्त हुए। मंत्रि-परिषद द्वारा ग्वालियर व्यापार मेला-2026 एवं उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेला 2026 में ऑटोमोबाइल विक्रय पर मोटरयान कर में 50 प्रतिशत छूट दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। मंत्रि-परिषद द्वारा वर्ष 2026-27 की आबकारी नीति के निर्धारण के लिए मंत्रि-परिषद समिति गठन की स्वीकृति प्रदान की गई।

# चूहों से ब्रिज को बचाने के लिए बिछाए कांच के टुकड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **नगर निगम ने शहर के महत्वपूर्ण शास्त्री ब्रिज की सुरक्षा और सुंदरता को बढ़ाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर अमल शुरू कर दिया है। इस योजना के अंतर्गत पूरे शास्त्री ब्रिज के फुटपाथों की खुदाई की जा रही है। उसके साथ सड़कों की मरम्मत भी अब शुरू हो गई है।**



यहां ब्रिज में पुराने ढांचे को हटाकर केमिकलयुक्त विशेष मटेरियल भरा गया है, जिसके ऊपर नई और अधिक भार क्षमता वाली हैवी इंटरलाकिंग टाइल्स लगाई जा रही हैं। यह कदम ब्रिज की आधारभूत संरचना को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए उठाया गया है। निगम अधिकारियों ने पिछले दिनों एसजीएसेथ शास्त्री ब्रिज का संयुक्त दौरा किया था। इस निरीक्षण में यह बात सामने आई कि चूहों द्वारा की जा रही खुदाई से ब्रिज का आंतरिक हिस्सा खोखला हो रहा है। विशेषज्ञों की सलाह पर तैयार कार्ययोजना के तहत अब फुटपाथ की जमीन पर केमिकलयुक्त मटेरियल के साथ कांच के टुकड़ों की एक परत भी बिछाई गई है। इसका मुख्य उद्देश्य चूहों को जमीन के भीतर सुरंग बनाने से रोकना है ताकि भविष्य में ब्रिज को किसी भी प्रकार के संरचनात्मक नुकसान से बचाया जा सके। जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर के अनुसार सुधार का यह कार्य केवल ब्रिज तक सीमित नहीं है। रीगल स्थित गांधी प्रतिमा परिसर में भी चूहों के कारण जमीन खोखली होने की शिकायतें मिली थीं, जिसे देखते हुए वहां भी इंटरलाकिंग टाइल्स लगाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन और रीगल के आसपास के अन्य हिस्सों में भी पुरानी टाइल्स को हटाकर नई हैवी लॉकिंग टाइल्स लगाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है ताकि पैदल चलने वालों को बेहतर सुविधा मिल सके।

## छात्रा से टीचर बोला-
# अकेले आना, जो कहूंगा करना पड़ेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली, एजेंसी।** जिले के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज, बैढ़न में जियोलॉजी के एक अतिथि विद्वान पर शादीशुदा छात्रा से पेपर पास कराने के बदले दबाव और आपत्तिजनक बातचीत का गंभीर आरोप लगा है। छात्रा के पति, जो भारतीय सेना में पदस्थ हैं, ने सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराई है। मामला सामने आने के बाद कॉलेज प्रबंधन ने जांच की बात कही है। छात्रा का जियोलॉजी विषय का एक पेपर छूट गया था, जिसे पास करने के लिए उसे एक साल इंतजार करना पड़ता। इसी को लेकर उसने संबंधित अतिथि विद्वान से संपर्क किया। आरोप है कि शनिवार रात करीब 10:30 बजे अतिथि विद्वान ने छात्रा को व्हाट्सएप कॉल किया और कहा- "रविवार को तुम्हारा पेपर करवा दूंगा... अकेले आना... जो मैं कहूंगा, वह करना पड़ेगा... यह बात किसी को मत बताना।" छात्रा के पति ने शिकायत में कहा कि बातचीत का लहजा अशोभनीय और दबाव बनाने वाला था। पत्नी ने कॉल के तुरंत बाद पूरी जानकारी दी। पति का कहना है कि कॉल के स्क्रीनशॉट उनके पास मौजूद हैं, लेकिन सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद भी तत्काल कोई कार्रवाई नहीं हुई। अतिथि विद्वान डॉ. शिवेश साकेत ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि छात्रा और उसके पति दबाव बनाने के उद्देश्य से आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने सफाई दी कि "कल आना" कहने का अर्थ कार्यदिवस था, न कि रविवार, और उन्होंने किसी भी तरह की आपत्तिजनक बातचीत नहीं की।

# गर्भवती को कम्प्यूटर मरा बता रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो, एजेंसी।** मेरी पत्नी सामने खड़ी थी, लेकिन बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट स्कैनर से जुड़ी मशीन कह रही थी कि वो मर चुकी है। ये किसी फिल्म का डायलॉग नहीं, बल्कि भारत के डिजिटल सिस्टम की सच्चाई है, जहां एक जिंदा, गर्भवती महिला को कागजों में मार दिया गया और सिस्टम ने कहा- अब इसे जिंदा साबित करो। मामला मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में खजुराहो के इकलगांव का है। दिहाड़ी मजदूर मंगलदीन रैकवार अपनी पत्नी गीता की जिंदगी नहीं, बल्कि उसका अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। छह महीने की गर्भवती गीता (35) सरकारी रिकॉर्ड में मृत घोषित कर दी गई है। अब उसे न इलाज मिल रहा है और न दवाएं। न ही किसी सरकारी योजना का लाभ। उसने रविवार को बमीठा थाने में शिकायत की। मंगलवार को पति के साथ जनसुनवाई में पहुंची।

# दंपती सहित तीन लोगों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास, एजेंसी।** बिजवाड़ क्षेत्र में बैतूल से इंदौर जा रही बस और सामने से आये ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बस सवार दम्पती सहित तीन यात्रियों की मौत हो गई। दो यात्रियों ने मौके पर दम तोड़ा जबकि तीसरे की इंदौर ले जाते समय मौत हो गई।पुलिस सहायता केंद्र बिजवाड़ से मिली जानकारी के अनुसार संजू पुत्र सुकंदक उम्र 58 वर्ष निवासी चिचोली बैतूल, राधिका पति संजू उम्र 55 वर्ष निवासी चिचोली बैतूल, सीमाबाई पति लकी उम्र 28 वर्ष निवासी बैतूल की हादसे में मौत हुई है। पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी अजय डोड ने बताया ट्रेलर को जब्त करके चालक पर प्रकरण दर्ज किया गया है। हादसे में दोनों महिलाओं की मौत मौके पर हो गई थी जबकि संजू को इंदौर ले जाते समय सांसें टूट गईं। दोनों महिलाओं का पीएम कन्नौद के सरकारी अस्पताल में करवाया गया जबकि संजू का पीएम इंदौर में हुआ है।

## कर्मचारियों के लिए कैशलेस हेल्थ स्कीम लाने की तैयारी
# मप्र सरकार ने कर्मचारी संगठनों से लिए सुझाव, 4 स्लैब में कटेंगे पैसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश सरकार जल्द ही कर्मचारियों के लिए कैशलेस हेल्थ स्कीम लाने की तैयारी में है। इसको लेकर सामान्य प्रशासन विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की टीम ने सुझाव लेने का काम शुरू कर दिया है।**




मुख्यमंत्री कर्मचारी एवं पेंशनर्स व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना के नाम से योजना तैयार की जा रही है। जिसे लेकर कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक कर सुझाव लिए हैं। एक वॉट्सएप नंबर जारी कर भी सुझाव मांगे हैं। इसके अलावा, पावर पाइंट प्रजेंटेशन देकर प्रस्तावों की जानकारी दी गई है। जिसमें बताया है कि प्रदेश और राज्य के बाहर के अस्पताल चिह्नित भी किए जा रहे हैं।

### 4 स्लैब बताए, सुझाव लेकर फाइनल करेंगे ड्राफ्ट

योजना में 4 स्लैब में पैसे 250, 500,750,1000 कटेंगे। दरअसल, कमलनाथ सरकार के समय में भी ड्राफ्ट तैयार किया था लेकिन तब इसे लागू नहीं किया जा सका था। ड्राफ्ट तैयार हुआ तब वर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन एसीएस फाइनेंस के पद पर थे। जिसमें जैन की सक्रिय भूमिका थी। अब एक बार फिर इसको लेकर कवायद शुरू हुई है।

### सभी कर्मचारी संगठनों से मांगे सुझाव

बैठक में अपर सचिव जीएडी दिनेश कुमार मौर्य, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी थे। मंत्रालय कर्मचारी अधिकारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक भी इस बैठक में शामिल हुए।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और पेंशनरों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने के लिए सुझाव देने को कहा है। कर्मचारी संगठनों से कहा है कि सभी संगठनों के सुझाव आने के बाद ड्राफ्ट को फाइनल किया जाएगा।

### कर्मचारी-पेंशनर्स को दिए जाएंगे ये लाभ

1. प्रदेश और बाहर के चिह्नित अस्पतालों में मुफ्त इलाज मिलेगा।
2. सामान्य बीमारियों के लिए 5 लाख और गंभीर के लिए 10 लाख तक का इलाज होगा।
3. हर साल 10,000 रुपए तक की ओपीडी और दवाइयों का कवर भी शामिल होगा।
4. कर्मचारियों के वेतन, पेंशन से 250 से 1000 तक मासिक कटेंगे, बाकी सरकार देगी।
5. योजना में सभी राज्य कर्मचारी, पेंशनभोगी और उनके परिवार पात्र होंगे।

# बागेश्वर धाम में युवती से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** । बागेश्वर धाम में 18 वर्षीय युवती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। स्वाति शुक्ला नाम की इस युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले की रहने वाली है। 9 जनवरी को अपनी मां के साथ दर्शन के लिए बागेश्वर धाम पहुंची थी। स्वाति की मां रीना शुक्ला ने बताया कि वे पिछले दो साल से नियमित बागेश्वर धाम आ रही हैं। अब तक 14 बार यहां आ चुकी हैं। उनकी बेटी स्वाति बीमारी की वजह से परेशान है। रीना ने कहा- रविवार की रात आरती के दौरान बेटी मंच के पास ही बैठी थी। वह जोर-जोर से चिल्ला रही थी। किसी पर हमला न कर दे, इसीलिए मैंने उसके हाथ पीछे से पकड़ रखे थे। इसी दौरान बाजू में बैठे एक युवक ने अचानक स्वाति पर हमला कर दिया। उसे धक्का दिया। लात-घूंसों से पीटा, जिससे स्वाति जमीन पर गिर पड़ी।

## दिग्विजय सिंह ने की बड़ी घोषणा... तीसरी बार राज्यसभा में नहीं जाएंगे...

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने बड़ी घोषणा की है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि वह अपनी राज्यसभा की सीट खाली कर रहे हैं। दिग्विजय सिंह तीसरी बार राज्यसभा में नहीं जाएंगे। दिग्विजय सिंह की जगह कांग्रेस इस नेता को राज्यसभा में भेजिए इस सवाल पर उन्होंने कहा कि यह मेरे हाथ में नहीं है। दिग्विजय सिंह दूसरी बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। दिग्विजय सिंह का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को पूरा हो रहा है।

# फिर गला कटा हड्डी-पसली टूटी


@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** प्रदेश में चाइनीज मांझे से हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। छिंदवाड़ा जिले के गुरैया बायपास पर सोमवार शाम को चाइनीज मांझे से एक युवक का गला बुरी तरह कट गया। बाइक से गिरने के कारण उसके कंधे की हड्डी और एक पसली भी टूट गई है। युवक को गंभीर हालत में एक निजी हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक राहुल बट्टी (24) अपने पिता रामदयाल बट्टी को लेने जा रहा था। गुरैया बायपास पर वह सड़क पर फैले चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। मांझा उसकी गर्दन पर लिपट गया, जिससे गर्दन कट गई। इस दौरान संतुलन बिगड़ने से वह बाइक से गिर पड़ा और हड्डी-पसली भी टूट गई।

## साध्वी बनी मॉडल हर्षा रिछारिया का ऊब गया सत्संग से मन...
# 'मैं सीता नहीं कि अग्निपरीक्षा दूं'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। महाकुंभ 2025 से चर्चा में आईं सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हर्षा रिछारिया का अब धर्म और सत्संग से मोह भंग हो गया है। इसे लेकर उन्होंने एक वीडियो जारी किया है। हर्षा रिछारिया का यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस वीडियो में हर्षा रिछारिया धर्म की राह छोड़ने का दावा कर रही हैं। हर्षा प्रयागराज के महाकुंभ में निरंजनी अखाडे की पेशवाई में नजर आने के बाद चर्चा में आई थीं।**



भावुक होते हुए हर्षा रिछारिया ने कहा कि हमारे समाज में किसी महिला के चरित्र पर सवाल उठाना बेहद आसान है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वह सीता नहीं हैं जो बार-बार अग्नि परीक्षा दें। उन्होंने कहा मेरा इस धर्म जाना सिर्फ जाना नहीं होगा। बल्कि एक विद्रोही मानसिकता के साथ जाना होगा। वीडियो में हर्षा रिछारिया कह रही हैं कि प्रयागराज महाकुंभ-2025 से शुरू हुई यह कहानी अब खत्म हो रही है। मुझे इस दौरान काफी विरोध का सामना करना पड़ा। मैंने काफी परीक्षाएं दीं और काफी कुछ किया। मैं क्या कर रही थी? मैं कोई गलत काम नहीं कर रही थी। मैं चोरी चकारी नहीं कर रही थी। लूटपाट नहीं कर रही थी, बलात्कार नहीं कर रही थी, लेकिन धर्म के रास्ते पर चलते हुए जो कुछ भी कर रही थी, उसे बार-बार रोका गया। मेरा मनोबल बार-बार तोड़ा गया।'

उन्होंने कहा कि माघ मेले में मेरा विरोध हुआ है। माघ मेले में मौनी अमावस्या करने के बाद में धर्म के रास्ते में चलने को विराम दूंगी। उन्होंने कहा कि मेरा इस धर्म से जाना एक विद्रोही मानसिकता लेकर जाना होगा। उन्होंने उधारी की बात भी की है। हर्षा रिछारिया ने कहा कि जब वह धर्म के रास्ते पर नहीं चल रही थीं तो उनकी एंकरिंग बहुत अच्छी चल रही थी। वह बहुत पैसे कमा रही थीं लेकिन अब उनके पास केवल उधारी है। उन्होंने कहा कि मैं विदेश में भी काम करके अच्छा पैसा कमा रही थी और मैं उसमें बहुत खुश थीं। हर्षा ने कहा कि धर्म को धंधा बनाकर करोड़ों रुपये कमाने के आरोप मेरे ऊपर लगे हैं। ये बातें पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने दावा किया कि आज वह आर्थिक रूप से मजबूत नहीं, बल्कि कर्ज में डूबी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में विवादों और विरोध के चलते उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई और उनके पास सिर्फ उधारी रह गई।

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध जंग में नई कानूनी उलझन

सुप्रीम कोर्ट ने लोकसेवकों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच शुरू करने से पहले अनुमति लेने से संबंधित भ्रष्टाचार रोधी कानून की 2018 की धारा की संवैधानिक वैधता पर मंगलवार को खंडित निर्णय सुनाया। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए असंवैधानिक है और इसे रद्द किया जाना चाहिए, जबकि जस्टिस केवी विश्वनाथन ने धारा को संवैधानिक मानते हुए ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा की जरूरत पर जोर दिया। साल 2018 में जोड़ी गई भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 17ए के तहत सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना किसी लोकसेवक पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' (सीपीआईएल) की जनहित याचिका (पीआईएल) पर यह निर्णय सुनाया है, जिसमें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संशोधित धारा 17ए की वैधता को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि पूर्वानुमति की जरूरत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के खिलाफ है। इससे जांच में रुकावट आती है और भ्रष्ट अधिकारियों को बचने का मौका मिल जाता है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने कहा कि धारा 17ए असंवैधानिक है और इसे रद्द किया जाना चाहिए। जांच शुरू करने से पहले किसी तरह की पूर्व अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। पूर्व मंजूरी की शर्त अधिनियम के उद्देश्य के खिलाफ है। इससे जांच में रुकावट आ सकती है और ईमानदार अधिकारियों के बजाय भ्रष्ट लोकसेवकों को संरक्षण मिलता है। मामले को लेकर जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि धारा 17ए संवैधानिक रूप से वैध है। बशर्ते मंजूरी देने का फैसला लोकपाल या राज्य का लोकायुक्त करे। इस प्रावधान से ईमानदार अधिकारियों की रक्षा होगी और भ्रष्ट लोगों के लिए सजा सुनिश्चित होगी। इससे प्रशासनिक व्यवस्था में देश की सेवा के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभावान व्यक्तियों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। अब यह मामला भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत के सामने रखा जाएगा, ताकि एक बड़ी पीठ का गठन कर इस पर अंतिम निर्णय लिया जा सके। पीठ ने कहा कि हमारे अलग-अलग मतों को देखते हुए रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि इस मामले को प्रधान न्यायाधीश के समक्ष रखा जाए, ताकि उपयुक्त पीठ का गठन करके इससे जुड़े मुद्दों पर नए सिरे से विचार किया जा सके। एनजीओ की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि यह प्रावधान भ्रष्टाचार विरोधी कानून को कमजोर करता है, क्योंकि सरकार से अक्सर मंजूरी नहीं मिलती, जबकि वही इस कानून के तहत 'सक्षम प्राधिकारी' है।

## OSHO कहिन

"खुशी तब मिलती है जब आप खुद को स्वीकार करते हैं, जैसे आप हैं।"



## ज्ञान-विज्ञान

# भारत नहीं इस देश में है दुनिया की सबसे प्राचीन नदी

### 40 करोड़ साल पहले किनारे पर घूमते थे डायनासोर, जानें नाम



**कैनबरा**। नदियों का भी दूसरी प्राकृतिक चीजों की तरह ही एक लाइफ साइकिल होता है। नदियां वक्त के साथ बड़ी होती हैं, अपनी धारा बदलती हैं और फिर सूख जाती हैं। माना जाता है कि नदियां एक समय के बाद सूखती हैं लेकिन अब इस समझ को चुनौती मिली है। दुनिया की सबसे पुरानी नदी कई हजार साल से बह रही है। यह ऑस्ट्रेलिया की फिंके नदी (स्थानीय भाषा में लारापिंटा) है। यह नदी 300 से 400 मिलियन साल यानी 30 से 40 करोड़ वर्ष पुरानी है, जो इसे दुनिया की सबसे पुरानी नदी बनाती है। दावा किया जाता है कि यह नदी डायनासोर से भी पुरानी है। यानी इसके आसपास कभी डायनासोर घूमते थे।

ऑस्ट्रेलिया के सूखे इलाके की यह नदी बाकी नदियों से अलग है। साल के ज्यादातर समय यह रेत और पानी के छोटे गड्ढों जैसी दिखती है, जिसमें बहुत कम पानी होता है। भूवैज्ञानिकों का कहना है कि यह दुनिया की सबसे अनोखी नदियों में से है। ऑस्ट्रेलिया के नॉर्दर्न टेरिटरी में बहने वाली फिंके को दुनिया की सबसे पुरानी नदी माना जाता है। फिंके का भूवैज्ञानिक इतिहास इसे लगातार बहने वाली सबसे प्राचीन नदी प्रणालियों में से एक बनाता है।

### कहां बहती है फिंके नदी

फिंके नदी मैक्डोनेल रेंजसे निकलती है, जो एलिस स्प्रिंग्सके पश्चिम में है। यह दक्षिण-पूर्व की ओर मध्य ऑस्ट्रेलिया को पार करते हुए सिम्पसन डेजर्टकी रेत में विलीन हो जाती है। फिंके नदी एक मौसमी नदी है और केवल बारिश के बाद ही इसमें पानी आता है। लंबे समय तक सूखी रहने के बावजूद फिंके नदी मध्य ऑस्ट्रेलिया का महत्वपूर्ण प्राकृतिक हिस्सा है।

फिंके नदी की उम्र को समझने के लिए जानना जरूरी है कि 300-400 मिलियन साल पहले बहने वाली यह नदी डायनासोर से बहुत पहले की है, जो करीब 230 मिलियन साल पहले आए थे। लाखों सालों में इस नदी ने महाद्वीपीय बहाव, जलवायु परिवर्तन, बड़े पैमाने पर विलुप्त होने की घटनाओं और मध्य ऑस्ट्रेलिया के धीरे-धीरे सूखने का सामना किया है।

### स्थानीय लोगों में श्रद्धा

फिंके नदी पश्चिमी अरेंटेलोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जो इस नदी के किनारे रहने वाले पारंपरिक संरक्षक हैं। इस नदी का स्थानीय आदिवासियों की कहानियोंऔर सांस्कृतिक परंपराओं में खूब जिक्र है। इस नदी पर स्थानीय लोगों की हजारों साल पुरानी निर्भरता के चलते इसको आज भी बेहद सम्मान की नजर से देखा जाता है।

फिंके नदी को दुनिया की सबसे पुरानी नदी कहा जाता है। हालांकि वैज्ञानिक इस पर कोई ठोस दावा करने से बचते हैं। नील, सिंधु और अमेरिका की न्यू रिवर जैसी नदियां भी लाखों वर्ष पुरानी मानी जाती हैं। फिंके को जो चीज अनोखी बनाती है, वह इस बात के सबूत हैं कि इसका रास्ता लाखों सालों से तकरीबन एक जैसा है। यह नदी दुनियाभर के एक्सपर्ट को आकर्षित करती रही है।

Punjab

# पंजाब में अदालतों को फिर धमकी: लुधियाना-फतेहगढ़ साहिब कोर्ट को उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप, परिसर खाली करवाए

**लुधियाना, (एजेंसी) पंजाब के विभिन्न शहरों में कोर्ट परिसरों को बम से उड़ाने की धमकियों के बीच एक बार फिर लुधियाना कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह धमकी बुधवार सुबह ज्यूडिशियल की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजी गई, जिससे पूरे प्रशासन में हड़कंप मच गया।**

धमकी भरे ईमेल की जानकारी तुरंत बार एसोसिएशन लुधियाना के प्रधान को दी गई। इसके बाद पुलिस के आला अधिकारियों को सूचित किया गया और सुरक्षा कारणों के चलते कोर्ट परिसर में नो वर्क डे घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कोर्ट खुलने से पहले



ही ई-मेल के माध्यम से चेतावनी दी गई थी कि कुछ ही समय में लुधियाना कोर्ट परिसर को बम से उड़ा दिया जाएगा। इसके बाद बार एसोसिएशन के प्रधान सहित पुलिस अधिकारियों को अलर्ट किया गया। धमकी मिलते ही लुधियाना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूरे कोर्ट परिसर को घेराबंदी कर खाली कराया गया। इसके साथ ही बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने सघन तलाशी अभियान शुरू किया। कोर्ट परिसर, पार्किंग एरिया, वकीलों के चेंबर और अन्य संवेदनशील स्थानों की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी को रोका जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। जिला बार संघ के प्रधान विपन सग्गड़ ने वकीलों को भेजे अपने संदेश में कहा है कि उनको अभी कॉल आया है कि उन्हें ज्यूडिशियल बिल्डिंग को बम से उड़ाने की धमकी वाला एक और ईमेल मिला है।

Bihar

# भारी पड़ी रेलवे ट्रैक पर डांस और रीलबाजी... युवक और महिला को उठा ले गई पुलिस



**बेगूसराय, (एजेंसी)** बिहार के बेगूसराय में रेलवे ट्रैक पर रील बनाना एक महिला और युवक को भारी पड़ गया. लखमीनियां स्टेशन के बीच ट्रैक पर डांस का वीडियो वायरल होने के बाद आरपीएफ ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस ने इसे रेल सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताते हुए कड़ी कार्रवाई की है.दरअसल, बरौनी कटिहार रेल खंड के लखमीनियां स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर एक महिला और एक युवक का डांस का वीडियो वायरल हुआ था . दरअसल 12 जनवरी को सुरक्षा नियंत्रण कंट्रोल सोनपुर से विभिन्न सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक रील बेगूसराय आरपीएफ को मिली .

वायरल वीडियो में लखमीनियां रेलवे स्टेशन के रेल ट्रैक पर एक महिला और एक युवक डांस कर रहे थे और एक अन्य लड़का इन दोनों का वीडियो शूट कर रहा था. इस रील की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ बेगूसराय द्वारा जांच प्रारंभ की गई . जांच में पता चला कि लखमीनियां स्टेशन के रेल ट्रैक पर डांस करने वाली महिला की पहचान बलिया थाना क्षेत्र के हुसैना दियारा परमानंदपुर वार्ड 11 निवासी गोरेलाल महतो की पत्नी अरुणा देवी उर्फ रुबी कुमारी , डांस कर युवक की पहचान किशनपुर दियारा निवासी अशोक साह के 23 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार तथा दोनों का वीडियो शूट करने वाले युवक की पहचान लखमीनिया निवासी रामचंद्र यादव के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है .

New Delhi

# भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद के घर में लगी आग, मचा हड़कंप, दमकल कर्मी मौके पर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में आज सुबह आग लगने की घटना सामने आई। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के आवास पर आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। दिल्ली पुलिस की फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई है और मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, अग्निशमन विभाग को सुबह करीब 8:05 बजे मदर क्रेसेंट रोड स्थित 11 मूर्ति के कोठी नंबर दो में आग लगने की सूचना मिली। शुरुआती जानकारी के अनुसार, कोठी के किसी हिस्से में आग लगी थी। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से रोकने और उस पर नियंत्रण पाने के लिए मोर्चा संभाला। बदाया जा रहा है कि आग पर काबू पा लिया गया है। घटना में किसी के हताहत होने होने की खबर नहीं है। आग लगने के कारणों का पता अभी नहीं चल पाया है और फोरेंसिक टीम इस दिशा में जांच कर रही है।

Uttarpradesh

# पूर्व IAS के बेटे ने की खुदकुशी, दो महीने पहले हुआ था प्रेम विवाह, कमरे में फंदे से लटका मिला शव

**प्रयागराज, (एजेंसी) प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र स्थित जेपी नगर सुलेम सराय में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी श्री चंद्र के 22 वर्षीय छोटे बेटे हिमांशु ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. स्नातक के छात्र हिमांशु ने दो महीने पहले ही शिवानी नाम की युवती से प्रेम विवाह किया था.**

जानकारी के मुताबिक, सोमवार शाम करीब 5:00 बजे उसने कमरे का दरवाजा बंद कर खुदकुशी की. काफी देर तक प्रतिक्रिया न मिलने पर परिजनों ने खिड़की से शव लटका देख पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव उतारा और मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया.

पुलिस की शुरुआती जांच में यह तथ्य सामने आया है कि हिमांशु फिलहाल बेरोजगार था. इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था. माना जा रहा है कि इसी कलह से क्षुब्ध होकर हिमांशु ने यह आत्मघाती कदम उठाया. हालांकि, मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सके.

घटना के समय रिटायर्ड आईएएस श्री चंद्र घर पर मौजूद नहीं थे. हिमांशु की मौत के बाद मां निर्मला देवी, पत्नी शिवानी और बड़े भाई सुधांशु का रो-रोकर बुरा हाल है. पुलिस के मुताबिक परिजनों ने अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी है, लेकिन पुलिस अपने स्तर पर मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि मौत के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके.

खेल

# जीत के साथ सीरीज अपने नाम करने उतरेगा भारत बदोनी करेंगे डेब्यू या नीतीश को मिलेगा मौका?

**राजकोट, (एजेंसी) भारत और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार को तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच खेला जाएगा। भारत ने वडोदरा में खेले गए पहले मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली थी और अब उसकी नजरें दूसरे मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करने पर टिकी होंगी। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि उसके दो खिलाड़ी चोटिल होने के कारण इस सीरीज से बाहर हो गए हैं। ऋषभ पंत पहले से पूर्व चोटिल हुए थे और उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया गया था। वहीं, वाशिंगटन सुंदर के चोटिल होने की वजह से आयुष बदोनी को वनडे टीम में जगह मिली थी। अब यह देखना होगा कि बदोनी दूसरे वनडे से डेब्यू कर पाते हैं या नहीं।**




भारत के लिए सबसे ज्यादा राहत की बात स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का फॉर्म में होना है। कोहली दक्षिण अफ्रीका के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ भी लय में नजर आए। कोहली पहले वनडे मैच में शतक लगाने से चूक गए, लेकिन उनकी पारी ने भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कोहली से एक बार फिर बड़ी पारी खेलने की उम्मीद होगी। इसमें कोई शक नहीं है कि शीर्ष छह स्थान में कोई बदलाव नहीं होगा। रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल पारी का आगाज करेंगे, जबकि तीसरे स्थान पर कोहली और चौथे नंबर पर श्रेयस अय्यर उतरेंगे। पांचवें स्थान पर बल्लेबाजी के लिए रवींद्र जडेजा और छठे नंबर पर केएल राहुल आएंगे।

भारत के लिए वनडे में पहले छह स्थान सुनिश्चित है और टीम प्रबंधन अगर बदलाव की सोचेगा तो गेंदबाजी में ऐसा हो सकता है। हालांकि, वाशिंगटन पहले मैच के लिए प्लेइंग-11 का हिस्सा थे और उनके बाहर होने से किसी ऑलराउंडर को ही जगह मिलेगी। चयनकर्ताओं ने दिल्ली के आयुष बदोनी को टीम में शामिल किया है, लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की ऑलराउंडर को प्राथमिकता देने की रणनीति को देखते हुए नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में एक और ऑलराउंडर को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। ऐसे में बदोनी को डेब्यू के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

इस बीच सभी की निगाह कोहली और रोहित शर्मा पर टिकी रहेगी जो अब अपने करियर के अंतिम पड़ाव में हैं। पहले मैच में कोहली वनडे में अपने 54वें शतक से चूक गए, लेकिन उनकी 91 गेंदों पर खेली गई 93 रन की पारी ने भारत की जीत की नींव रखी। वहीं, रोहित भी बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। भारत और न्यूजीलैंड की टीमों में काफी अंतर नजर आता है।

सिनेमा

# जब फरीदा जलाल ने चौंकाया: 'ओ रोमियो' में दी 'गाली', लेकिन ऑनस्क्रीन शराब पीने से कर चुकी हैं इनकार



हिंदी सिनेमा की सशक्त एक्ट्रेसेज में गिनी जाने वालीं फरीदा जलाल ने अपने लंबे करियर में कई ऐसे फैसले लिए, जिन्होंने उस दौर में सबको चौंका दिया. पर्दे पर अक्सर सुलझे और संवेदनशील किरदार निभाने वाली फरीदा जलाल ने कुछ मौकों पर अपनी सीमाएं साफ रखीं- चाहे वो भाषा का इस्तेमाल हो, शराब पीने के दृश्य हों या फिर इंटीमेट सीन. हाल ही में शाहिद कपूर की 'ओ रोमियो' का टीजर जारी हुआ जहां फरीदा अब्यूज करती दिखीं. फरीदा के मुंह से गाली-गलौच जैसे शब्द सुनाई देना, फैंस को हैरान कर गया. हालांकि फरीदा ने अपने इस चौंका देने वाले सीन के बारे में खुद बात की. उन्होंने बताया है कि डायरेक्टर विशाल भारद्वाज ने उनसे खुद आकर पूछा था कि- आप गाली देंगी ना? सवाल सुनकर फरीदा खुद हैरान रह गई थीं उन्हें समझ नहीं आया कि वो क्या कहें. लेकिन वो हमेशा से विशाल भारद्वाज के साथ काम करना चाहती थीं इसलिए कहा कि वो भारी-भरकम गंदी वाली नहीं लेकिन मामुली वाली दे सकती हैं. फरीदा ने माना कि उनकी छवि बेहद शालीन है, इसलिए ये उन्हें सूट नहीं करता. पर मजेदार बात ये है कि इससे पहले फरीदा जलाल संजय लीला भंसाली को एक सीन के लिए मना कर चुकी हैं. फरीदा ने खुद बताया था कि हीरामंडी की शूटिंग के दौरान भंसाली खुद उनसे पूछने आए थे. हीरामंडी में फरीदा रईस घराने की कुड़सिया बेगम के किरदार में थीं. जिन घरों में महिलाओं का पीना आम दिखाया गया था.

## Highlights

1. **Pakistani drones spotted again along LoC in J&K, Indian Army opens fire**
2. **Cold wave, ground frost and dense fog warning issued for several states, list released**
3. **EC using 'Black magic' to remove legitimate voters: WB CM**
4. **Silver hits fresh all-time high in Delhi, gold reaches ₹1.45 lakh per 10 grams**
5. **Punjab CM Mann denies seeking time change for Akal Takht appearance**

# Nothing's CMF Headphone Pro gets audio fundamentals absolutely right

**NEW DELHI, (Agency).** Till not long ago, your only real choices of a balanced headphone for a monetary outlay less than ₹10,000 would have been the Sennheiser HD 450BT (that's around ₹6,990) or Audio-Technica's very impressive ATH-M30x (these would cost around ₹6,999). Choices otherwise aplenty mind you, if you prefer bass heavy and often unbalanced sound, including many from Sony. With their first headphone as part of the CMF product portfolio, Nothing is targeting its share in this price bracket the CMF Headphone Pro demands you part with ₹6,990 and to be fair, gives an aura of something a lot more expensive. It wouldn't have been easy to get here with product development and how it's finally turned out in the perspective of the price tag, but good they did.



There is substance beyond the price tag, spanning performance, design, little details that matter as well as a modularity based customisation bit that's often ignored by headphone makers. The CMF Headphone Pro for instance, allows users to swap the ear cushions (prices for these are yet to be confirmed) in different colour options — you can get some nice contrasts going with the Dark Grey, Light Grey and Light Green headphone colours as the baseline. I quite liked the orange contrasting with the green, though everyone would have their own preferences. Even before getting to the audio hardware and what the capabilities look like, the customisation aspect should help Nothing get more potential buyers to sit up and take notice of these headphones. That is, before you realise this also supports the Hi-Res LDAC codec and does fairly well with Spatial Audio too. The rather attractive price tag doesn't come in the way of Nothing giving the CMF Headphone Pro a rather capable audio hardware stack, which is why I talked about it in the same breath as Sennheiser and Audio-Technica, at the very outset.

# Creator Studio is an early hint at a fast strengthening Apple Intelligence

**NEW DELHI, (Agency).** With its Artificial Intelligence (AI) and Siri progression expected to leap forward in the coming months, Apple's confident they can make a dent in what were traditionally Adobe and Canva's strong markets. The announcement of the Apple Creator Studio makes a case for a creative open market, alongside new AI features and premium content in workplace apps Keynote, Pages, and Numbers, as a unified subscription should do well to strengthen Apple's already



robust Services portfolio. The Apple Creator Studio includes professional creative apps including Final Cut Pro, Logic Pro, Pixelmator Pro, Motion, Compressor, and MainStage, and goes live on January 28.

The way the subscription has been structured in India, shapes up this way — you'll pay ₹399 per month or ₹3,999 per year (this includes a one month free trial at the outset) to access Final Cut Pro, Logic Pro, and Pixelmator Pro on Mac and iPad; Motion, Compressor, and MainStage on Mac; and intelligent features and premium content for Keynote, Pages, Numbers, and later Freeform for iPhone, iPad, and Mac. College students and educators, as is the Apple way, get lower prices for these subscriptions— ₹199 per month or ₹1,999 per year. This should do well to compete with Canva's Education push, that makes the entire suite free for teachers as well as school and college students. "Apple Creator Studio is a great value that enables creators of all types to pursue their craft and grow their skills by providing easy access to the most powerful and intuitive tools for video editing, music making, creative imaging, and visual productivity — all levelled up with advanced intelligent tools to augment and accelerate workflows.

## किराएदार ने किया मकान पर कब्जा

# पीड़ित चलने-फिरने से लाचार, एम्बुलेंस से पहुंची पुलिस कमिश्नर ऑफिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। किराएदार ने फर्जी एग्रीमेंट बनाकर घर की पहली मंजिल पर कब्जा कर लिया है और घर खाली करने के बदले में लाखों रुपए की मांग कर रहा है। पुलिस भी पीड़ित की ना सुनकर कब्जाधारी के साथ है। पीड़ित महिला जब भी शिकायत लेकर पहुंची, पुलिसकर्मी समझौता करने को कह देते हैं। थक-हारकर महिला आज दिव्यांग बेटी की लेकर एम्बुलेंस से पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह की जनसुनवाई में पहुंची और आपबीती सुनाई।**



अन्नपूर्णा इलाके में रहने वाली 77 वर्षीय कमलाबाई पति स्व. पुरुषोत्तम शिवानी खुद भी चलने-फिरने से मजबूर हैं और उनकी एक दिव्यांग बेटी है। उनके पति पुरुषोत्तम शिवानी ने घर की पहली मंजिल किराए पर दी थी। उनके न रहने के बाद किराएदार नितिन पुत्र रमेश ठरानी ने फर्जी एग्रीमेंट बनाकर घर की पहली मंजिल पर कब्जा कर लिया। पीड़ित महिला 30 सितंबर 2025 को थाने पहुंचीं और टीआई अजय नायर और इसके बाद एसीपी ऑफिस पहुंचकर एसीपी शिवेंद्रु जोशी से शिकायत की पर कोई सुनवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं, 26 दिसंबर 2025 को महिला ने पुलिस कमिश्नर ऑफिस में भी लिखित शिकायत दी पर सुनवाई नहीं हुई। महिला बेड रेस्ट पर है। जब कहीं पर कोई सुनवाई नहीं हुई, तो महिला एम्बुलेंस में लेटकर पुलिस कमिश्नर ऑफिस जनसुनवाई में पहुंच गई। महिला की बात सुनकर एसीपी शिवेंद्रु जोशी को पुलिस कमिश्नर ऑफिस बुलाया गया। जनसुनवाई के दौरान ऑफिस पहुंचे जोशी ने ही महिला से बात की और भरोसा दिलाया कि प्रकरण में कब्जा करने वाले को थाने बुलाकर पूरी बात की जाएगी। तथ्यों को देखकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाई तो 5 साल जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। पतंगबाजी में उपयोग होने वाले चाइनीज मांझे को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। पतंगबाजी के मुख्य आयोजनकर्ताओं को आगाह किया गया है। पहले यह आदेश 25 नवंबर को भी जारी किया गया था। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, दुकानदार, संस्था या आयोजनकर्ता के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यदि चाइनीज मांझे के उपयोग से किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो धारा 106 (1) के अंतर्गत संबंधित के खिलाफ पांच वर्ष तक के कारावास अथवा जुर्माने या दोनों से दंडित किए जाने का प्रावधान रहेगा। जारी आदेश में कलेक्टर ने पक्षियों की हो रही मौत का भी जिक्र किया है। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाने के दौरान कई बार पक्षी उसमें उलझकर घायल हो जाते हैं और अनेक मामलों में उनकी मृत्यु तक हो चुकी है। इंदौर में चाइनीज मांझे को लेकर डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने कहा कि चाइनीज मांझा हम सभी का दुश्मन है। इस दुश्मन से सख्ती से लड़ाई लड़ी जा रही है। इस लड़ाई में इंदौर के वे सभी माता-पिता और बच्चों के भाई बहन भी साथ दें। यदि किसी भी प्रकार से चाइनीज का कोई पुराना गुच्छा भी रखा हो या गलती से आ गया हो या फिर बिना जानकारी के आप ले आए तो अभी उसको जला दें।

# ठगों ने धोखे से खुलवाए मां-बेटे के खाते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। क्राइम ब्रांच आरोपियों की जानकारी जुटा रही है। आरोपियों ने मां-बेटे के नाम पर लोन दिलाने के बहाने बैंक अकाउंट खुलवाए, लेकिन लोन नहीं कराया।

इसी दौरान आरोपियों ने उन अकाउंटों में एडवाइजरी और डिजिटल अरेस्ट से जुड़े ठगी के रुपए का लेन-देन कराया।जब बलसाड पुलिस ने फर्जी तरीके से अकाउंटों में आए रुपए को लेकर जांच की, तब मां-बेटे को इस धोखाधड़ी की जानकारी लगी। क्राइम ब्रांच ने सिरपुर बांक निवासी शादाब खान की शिकायत पर विष्णु परमार और उसके साथी सिद्धार्थ के खिलाफ दस्तावेज लेकर धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, करीब 5 माह पहले एक कैफे में शादाब की मुलाकात विष्णु से हुई थी। विष्णु ने अकाउंट खुलवाने की बात कही, जिसके लिए शादाब ने पूरे दस्तावेज उपलब्ध कराए। इसके बाद विष्णु ने कहा कि जब भी लोन स्वीकृत होगा, वह जानकारी दे देगा। शादाब की मां अनीसा बी के दस्तावेज लेकर इंडियन बैंक में एक अकाउंट और यूको बैंक में दूसरा अकाउंट खुलवाया गया। लोन को लेकर जब भी बातचीत होती, आरोपी टालमटोल करता रहा।सितंबर 2025 में बलसाड पुलिस से जानकारी मिली कि इन अकाउंटों में ठगी के रुपए जमा कराए गए हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक